दिन– शुक्रवार दिनांक– 14 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार उन्नीस में पुलवामा हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आतंकवाद समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरी दुनिया इसके खिलाफ एकजुट है। छह वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के चालीस जवान शहीद हो गए थे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में अरवल और जहानाबाद जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने अरवल में एक सौ ग्यारह करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ चौवालीस योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दो सौ करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं कल से शुरू हो रही है। परीक्षा में पटना जोन से लगभग दो लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए राज्यभर में दो सौ से अधिक केन्द्र बनाये गये हैं। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म में परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में कल से तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति डॉक्टर पी.एस. पांडेय ने बताया कि इस मेले में बिहार सहित देशभर के पांच हजार से अधिक किसान भाग लेंगे।

————————————————————————

जमुई में किउल–झाझा रेलखंड पर दादपुर रेलवे स्टेशन के पास अप लाईन पर असामाजिक तत्वों ने रेल पटरी को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि रानीकुरा गांव के पास रेलवे ट्रैक को काटने की कोशिश की गयी। पेट्रोलिंग कर रहे कर्मी ने तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। सीनियर सेक्शन मैनेजर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अभी इस रेल लाईन पर ट्रेनों का परिचालन तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रेल पटरी को तेरह मीटर की लम्बाई में बदलने का काम जारी है।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के औसत न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। इसके चलते ठंड में बढ़ोतरी हुई है। दिन में धूप खिलने के बावजूद भी हवा के प्रभाव से कनकनी का असर देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले अड़तालीस घंटों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी होगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक किलो आठ सौ पचास ग्राम चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों तस्कर कटिहार जिले के हैं। बरामद चरस का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रूपये बताया जाता है।

———————————————————————

बक्सर जिले के कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र में एक डम्पर की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं, तीन अन्य घायल हो गये। ये सभी कुम्भ स्नान कर किशनगंज लौट रहे थे।

———————————————————————

मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत टीकारामपुर गांव से पुलिस ने वांछित अपराधी उनील को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।